JALAUN POLICE

दिनांक- 11.03.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में माह फरवरी 2026 में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की रैंकिग में जनपद जालौन के 16 थानों को प्रथम स्थान के साथ जनपद जालौन को प्रदेश की रैंकिंग में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण के संबन्ध में श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा समय-समय पर क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को निर्देश निर्गत किये गये कि पीड़ित/शिकायतकर्ताओं के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छा व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर जनशिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए।

चूँकि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है, पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जांच हेतु जाँचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्वक जाँच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाती है। जनपद में आईजीआरएस पोर्टल पर शासन एवं पुलिस अधिकारियों के स्तर से प्राप्त संदर्भों का गहनता पूर्वक निष्पक्ष जांच हेतु निरन्तर उच्चाधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाता है। इस कठिन परिश्रम, अथक प्रयास से माह फरवरी 2026 में जनपद जालौन के 16 थानों के साथ जनपद जालौन को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

जालौन पुलिस इसी तरह से पारदर्शी कार्यवाही करने के लिए कटिबद्ध है।